मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
MAA SHAKUMBHARI UNIVERSITY, SAHARANPUR
Department of Physical Education & Sports

Phy.Edu/Sports-MS/2022-23/69
दिनांक 19 अक्टूबर,2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
सभी सम्बद्ध महाविद्यालय,
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

विषय– मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स इफ्रास्ट्रक्चर मिशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

माननीय संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 3493 / सत्तर–3–2022 दिनांक 17.10.2022 (पत्र संलग्न) के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स इफ्रास्ट्रक्चर मिशन में ग्राम स्तर पर खेल अवस्थापनाओं की स्थापना उपलब्ध खेल अवस्थापनाओं / संसाधनों का अधितम उपयोग तथा विभिन्न विभागों के आधीन संचालित संस्थाओं में खेल कैलेण्डर की तैयारी, खेल का प्रशिक्षण एवं खेल प्रतियोगिताए आयोजित कर प्रतिभावान खिलाडियों की खोज कर उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय खेलो में भाग लेने हेतु तैयार करना प्रस्तावित है।

2– इस सम्बन्ध में यह कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया अपने से सम्बन्धित संस्थान में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें खेल विभाग को उनकी ई–मेल आई0डी0 dir.sportsup@gmail.com पर उपलब्ध कराते हुए उसकी सूचना उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को अविलम्ब दिनांक 20.10.2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें–

1. संस्थान में उपलब्ध खेल सुविधओं यथा स्टेडियम, जिम्नेजियम, मैंकिन–किन खेलो के लिए अवस्थापना सुविधाएं है, का विवरण।
2. किन–किन खेलो के कोच उपलब्ध है?
3. खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने के लिए खेल कैलेण्डर तैयार किया गया है अथवा नहीं यदि खेल कैलेण्डर तैयार किया गया है, तो उसे उपलब्ध कराया जाये। यदि नहीं तैयार किया गया है, तो उसे तत्काल तैयार कराने का कष्ट करे।
4. खेलों के लिए वार्षिक कितनी धनराशि चिन्हित की गयी है?

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उच्च शिक्षा विभाग के आधीन प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा खेल निदेशालय में उपलब्ध खेल प्रशिक्षकों (कोच) की सुविधाये प्राप्त की जा सकती है।

संख्या– Phy.Edu/Sports-MS/2022-23/69

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति, मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
2. कुलसचिव, मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
3. संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अनुभाग अधिकारी, खेल अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निदेशक, खेल, खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

19/10/2022

(प्रो0 एस0एन0 सिंह)
क्रीडा अधिकारी
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर

संख्या-3493/सत्तर-3-2022

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
प्रयागराज।

लखनऊ : दिनांक 17 अक्टूबर, 2022

उच्च शिक्षा अनुभाग-3

विषय- मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि संकल्प पत्र में मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन में ग्राम स्तर पर खेल अवस्थापनाओं की स्थापना, उपलब्ध खेल अवस्थापनाओं/संसाधनों का अधिकतम उपयोग तथा विभिन्न विभागों के अधीन संचालित संस्थाओं में खेल कैलेण्डर की तैयारी, खेल का प्रशिक्षण एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज कर उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने हेतु तैयार करना प्रस्तावित है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने से सम्बन्धित संस्थान में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें खेल विभाग को उनकी ई-मेल आई0डी0 dir.sportsup@gmail.com पर उपलब्ध कराते हुए उसकी सूचना उच्च शिक्षा अनुभाग-3 को दिनांक 20.10.2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

1. संस्थान में उपलब्ध खेल सुविधाओं यथा स्टेडियम, जिम्नेजियम, किन-किन खेलों के लिए अवस्थापना सुविधाएं हैं, का विवरण।
2. किन-किन खेलों के कोच उपलब्ध हैं ?
3. खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने के लिए खेल कैलेण्डर तैयार किया गया है अथवा नहीं ? यदि खेल कैलेण्डर तैयार किया गया है, तो उसे उपलब्ध कराया जाय। यदि नहीं तैयार किया गया है, तो उसे तत्काल तैयार कराने का कष्ट करें।
4. खेलों के लिए वार्षिक कितनी धनराशि चिन्हित की गयी है ?

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उच्च शिक्षा विभाग के अधीन प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा खेल निदेशालय में उपलब्ध खेल प्रशिक्षकों (कोच) की सुविधायें प्राप्त की जा सकती हैं।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या– 3493 (1) /सत्तर–3–2022–तद्दिनॉक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अनुभाग अधिकारी, खेल अनुभाग, उ0प्र0 शासन।

2– निदेशक, खेल, खेल निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।